सेवा में,

श्रीमान निदेशक महोदय
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएँ
देहरादून, उत्तराखण्ड

विषय: स्थानांतरण हेतु अनुरोध

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि मेरे वर्तमान तैनाती स्थल राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय, आयुष विंग जसपुर का भवन गाँव एवं आबादी वाले क्षेत्र से दूर एकांत मे स्थित है, चिकित्सालय भवन की चाहरदीवारी भी निर्मित नही है एवं आये दिन असामाजिक तत्वों द्वारा नशे की हालत मे अस्पताल आकर दैनिक कार्यों मे बाधा उत्पन्न करने के साथ, अनावश्यक दबाव बनाकर अस्पताल का माहौल खराब किया जाता है।
इस कारण एवं निकटतम दोनो गावों के दूर होने के साथ साथ गाँव के मार्ग मे जगंल - झाड़ियाँ होने से मैं चिकित्सालय मे तथा आने जाने मे असुरक्षित महसूस करती हूँ। अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मेरा स्थानांतरण अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर करने की कृपा करें, मैं सदा महोदय की आभारी रहूँगी।

सधन्यवाद

प्रतिलिपि: जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

भवदीया Rawat
डा० आराधना रावत
चिकित्साधिकारी (आयु०)
रा० ए० चि० जसपुर आयुष विंग

दिनाँक: 15/05/2025

पत्रांक: 14/2025-26.

Scanned with OKEN Scanner